प्रकृति विज्ञान संग्रहालय में 32 तितली प्रजातियां चिन्हित

लेमन इमिग्रेंट व इंडियन सनबीम पहली बार दिखीं



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः क्षेत्रीय प्रकृति विज्ञान संग्रहालय परिसर में रविवार, 1 नवंबर को द्वितीय तितली सर्वेक्षण का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय प्रकृति विज्ञान संग्रहालय, भोपाल और भोपाल बर्ड्स संरक्षण सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस सर्वेक्षण का उद्देश्य परिसर में पाई जाने वाली तितलियों की प्रजातियों की पहचान करना और उनकी संख्या का आकलन करना था। इसमें तितलियों में रुचि रखने वाले लगभग 20 विद्यार्थी, विशेषज्ञ और वैज्ञानिक शामिल हुए।

सर्वेक्षण के दौरान पोलार्ड वॉक पद्धति से संग्रहालय परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में तितलियों का निरीक्षण किया गया। इसमें लगभग 32 प्रजातियों को चिन्हित किया गया। इनमें जेब्रा ब्लू, ग्राम ब्लू, इंडियन क्यूपिड, डार्क ग्रास ब्लू, कॉमन टाइगर, स्ट्राइप टाइगर, कॉमन क्रो, कॉमन ग्रास येलो, डिनाइड एग फ्लाई, लाइम बटरफ्लाई, ग्रेट एग फ्लाई, कॉमन एमिग्रेंट, बैरोनेट, ग्रे पैन्सी, टॉनी कोस्टर, रेड पिरोट, पाम फ्लाई, कॉमन केस्टर, कॉमन मॉरमॉन, कॉमन सेरुलीन, एंगल्ड पिरोट और कॉमन जेजबेल शामिल हैं। लेमन इमिग्रेंट और इंडियन सनबीम जैसी दुर्लभ प्रजातियां भी परिसर में पहली बार देखी गईं।

सर्वेक्षण में तितलियों के जीवन चक्र के विभिन्न चरणों—अंडे, सूंडी और प्यूपा—को भी क्षेत्रवार चिन्हित किया जा रहा है। साथ ही उनके पोषक और मकरंद देने वाले पौधों की सूची तैयार की जा रही है। परिसर में छुईमुई, आंवला, लैंटाना, कोट बटन, अशोक, सदाबहार, कनेर, गुलमोहर, ब्रायोफाइलम, नींबू और एक्सोरा जैसे पौधे मौजूद हैं, जो तितलियों के भोजन और जीवन चक्र के लिए उपयोगी हैं।

समापन कार्यक्रम में भोपाल बर्ड्स संस्था की ओर से भोपाल की तितलियों पर आधारित पहली क्षेत्रीय मार्गदर्शिका 'बटरफ्लाइज ऑफ भोपाल' का विमोचन किया गया।

इसमें शहर में पाई जाने वाली 90 तितली प्रजातियों के चित्र, वैज्ञानिक और अंग्रेजी नाम, पंखों के आकार तथा पोषक पौधों की जानकारी दी गई है। मार्गदर्शिका में तितलियों के शरीर के अंगों, पौधों और तितली उद्यान बनाने की जानकारी भी शामिल है। इसे मो. खालिक और डॉ. संगीता राजगीर ने तैयार किया है। डॉ. राजू कसंबे ने तकनीकी सहयोग दिया।

कार्यक्रम में डॉ. संगीता राजगीर, मो. खालिक, गौरा जोशी नेनवानी, रतनमाला मिश्रा तथा संग्रहालय की वैज्ञानिक-डी एवं कार्यालय अध्यक्ष डॉ. बीनिश रफत और वैज्ञानिक-सी मानिक लाल गुप्त उपस्थित रहे।

खंडवा से बीना तक 530 किमी रेलमार्ग पर सुरक्षा घेरा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः रेल दुर्घटनाओं को रोकने और पटरियों पर मवेशियों तथा अनधिकृत लोगों की आवाजाही पर अंकुश लगाने के लिए पश्चिम मध्य रेलवे ने सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। खंडवा से बीना तक रेलमार्ग के दोनों ओर कुल 530 किलोमीटर लंबी बाड़ लगाने का काम शुरू किया जा रहा है। इस परियोजना पर 288 करोड़ 31 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। काम पूरा करने की समय-सीमा मार्च 2027 तय की गई है। भोपाल मंडल का यह क्षेत्र अत्यधिक व्यस्त रेलमार्गों में शामिल है। यहां से रोजाना कई प्रीमियम और द्रुतगामी ट्रेनें गुजरती हैं। रेलवे ने बाड़ लगाने की परियोजना को तीन चरणों में बांटा है। पहले चरण में खंडवा से इटारसी, दूसरे चरण में इटारसी से भोपाल और तीसरे चरण में भोपाल से बीना तक काम किया जाएगा।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, बाड़ लगने से 130 किलोमीटर प्रति घंटे या उससे अधिक गति से चलने वाली ट्रेनों को विशेष लाभ मिलेगा।

हेल्थकॉन 2026 का समापन, समग्र स्वास्थ्य और योग पर हुआ मंथन



राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, इंदौरः छत्रम फाउंटेन ऑफ ह्यूमैनिटेरियन सर्विसेज चैरिटेबल ट्रस्ट और एडु सीरमएक्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय समग्र स्वास्थ्य सम्मेलन 'हेल्थकॉन 2026' का रविवार को छत्रम परिसर, इंदौर में समापन हुआ। सम्मेलन की मुख्य अतिथि डॉ. साधना दौनेरिया ने 'योग एवं मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए पतंजलि के अष्टांग योग के पालन की अनिवार्यता पर बल दिया। विशेष रूप से यम एवं नियम के सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात करने तथा आसन और प्राणायाम के नियमित अभ्यास के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इन योगिक विधियों को दैनिक जीवन में अपनाकर व्यक्ति मानसिक संतुलन, आत्मानुशासन, सकारात्मकता और आंतरिक शांति प्राप्त कर सकता है।

डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में स्वास्थ्य एवं जीवन के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन स्थापित किया जा सकता है। सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन योग एवं प्राणायाम सत्र, योगिक शुद्धि क्रियाओं का प्रदर्शन और ध्यान सत्र आयोजित किए गए। इसके साथ ही स्वास्थ्य विशेषज्ञों के व्याख्यान और विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों पर पैनल चर्चाएं हुईं। 'एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल पद्धतियों के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य और कल्याण' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में योग, आयुष, नर्सिंग, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, जीवनशैली संबंधी रोगों की रोकथाम और एकीकृत चिकित्सा पद्धतियों पर विचार-विमर्श किया गया। आयोजन का उद्देश्य चिकित्सा विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के बीच ज्ञान एवं अनुभवों का आदान-प्रदान कर समग्र स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित करना था।

राजधानी के 45 इलाकों में आज बिजली कटौती

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के 45 इलाकों में सोमवार को बिजली कटौती की जाएगी। न्यू मार्केट, अमरावतखुर्द, कोकता, आकृति ईको सिटी, गिरनार कॉलोनी, गिरनार हिल्स, राजधानी परिसर, पुष्पा नगर और 80 फीट रोड सहित कई क्षेत्रों में इसका असर पड़ेगा। सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक रापड़िया और आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक न्यू मार्केट, महादेव टॉवर, झंडा चौक, खानूगांव, अमरावतखुर्द, गिरनार कॉलोनी, गिरनार हिल्स और गैलेक्सी सहित आसपास के इलाकों में आपूर्ति प्रभावित होगी। सुबह 10 से दोपहर 3.30 बजे तक आकृति ईको सिटी, अंबिका गृह निर्माण समिति, 11 मील तिराहा, नंदी चौराहा, गुंजन नगर, सहारा कॉलोनी, राधाकृष्ण रेसीडेंसी और भैरोपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक ट्रांसपोर्ट नगर, अनंतपुर, कोकता, डायमंड सिटी, कस्तूरी कोर्टयार्ड, राजधानी परिसर, पुष्पा नगर, 80 फीट रोड, ग्राम गद्दा रोड, कम्मू का बाग, महामाई का बाग, कमला नगर, ख्वाजा कॉलोनी और राजीव नगर के ए सेक्टर सहित आसपास के क्षेत्रों में कटौती होगी। सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक पीर बदली और साई रेजीडेंसी में बिजली बंद रहेगी। वहीं, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक इंद्रा नगर, बहेटा गांव और बैरागढ़ के ए, जी और एफ वार्ड सहित कम्युनिटी हॉल के आसपास बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी।

अंकित वैद्य को मिली जीजेसी की अहम जिम्मेदारी अब देशभर के ज्वेलर्स को करेंगे शिक्षित



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः देश के रत्न एवं आभूषण उद्योग को शिक्षित, व्यवस्थित और संगठित बनाने की दिशा में पिछले चार वर्षों से कार्य कर रहे अंकित वैद्य को ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) की शिक्षा पहल 'लभम' समिति में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जीजेसी के अध्यक्ष राजेश रोकड़े, उपाध्यक्ष अविनाश गुप्ता, जीजेएस संयोजक संयम मेहरा और पूर्व अध्यक्ष नितिन खंडेलवाल ने उनके कार्यों को देखते हुए यह दायित्व सौंपा है। अंकित वैद्य का उद्देश्य छोटे और मध्यम ज्वेलर्स, महिलाओं तथा नई पीढ़ी के कारोबारियों को व्यावसायिक शिक्षा, आधुनिक तकनीक और प्रबंधन कौशल से जोड़ना है। इसके लिए वे पिछले चार वर्षों से देश के विभिन्न शहरों में प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित कर रहे हैं। इंदौर, भोपाल, सूरत, अहमदाबाद, राजकोट, नागपुर, जबलपुर सहित अनेक शहरों में उनकी पहल पहुंच चुकी है। इंटरनेट माध्यमों पर भी उनसे पांच लाख से अधिक लोग जुड़े हैं। इस अभियान के पीछे उनका व्यक्तिगत संकल्प भी प्रेरणादायी है। पिता नवीन वैद्य और वापी (गुजरात) के गुरु वैष्णवाचार्य गोस्वामी गोविंदराईजी की प्रेरणा से उन्होंने अपने मिशन के लिए कई खाद्य पदार्थों का त्याग किया है। उनका मानना है कि जिस उद्योग से व्यक्ति ने अर्जित किया है, उसे कुछ लौटाना भी उसका दायित्व है। उल्लेखनीय है कि अब अंकित मध्यप्रदेश और केंद्र सरकार से कौशल विकास, महिला उद्यमिता, कारीगर प्रशिक्षण तथा तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग की अपेक्षा कर रहे हैं। उनका लक्ष्य है कि भारतीय आभूषण उद्योग को शिक्षित, संगठित और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाया जाए।

व्यक्ति चिंतन करे पर चिंता नहीं करना चाहिए : अनुभवानंद

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मानस भवन में पं.रामकिंकर उपाध्याय सभागार में पंचम दिवस महाभारत के उद्योग पर्व के सनत सुजातीय उत्तरार्ध अध्याय-43-44 में सांध्यकालीन अपने प्रवचन में कहा कि जब चिंतन शुरू हो जाता है तब चिंता से छुटकारा मिल जाता है। चिंता हमेशा हमको अपने स्वरूप से दूर ले जाती है। चिंतन हमको अपने स्वरूप के पास ले जाता है। चिंतन के द्वारा हम ''मैं'' का अर्थ क्या है ये समझ लेते है तब हमने जो उपाधियाँ इकटठी की है जिन्हें हमने अपनी देह के साथ मिला दिया है। इससे हम भ्रमित हो जाते है। इसी तरह यह संसार भी ब्रह्म का विराट स्वरूप है। जिसकी ऐसी बुद्धि रहती है वह ही ऐसा दृढ़ विष्वास कर पाता है। जिसे हम आध्यात्मिक दृष्टि से भक्त की दृष्टि में अनन्यता कह सकते है। यह अंत:दृष्टि ही हमें बोध कराती है कि हम एक हैं। जब हम इस प्रकार के चिंतन में रहेगें तब ऐसी मन:स्थिति में आने पर मन की सुख दु:ख की अनुभूतियों से परे हो जाते है अर्थात हम स्वयं पर विजय प्राप्त कर लेते है। आपने कहा है कि आकाश एक है जैसे ब्रह्म भी जो अनंत है जिसका न आदि है न मध्य है और न अंत है।

इस कार्यक्रम में कार्याध्यक्ष रघुनंदन शर्मा, प्रभुदयाल मिश्र, माघवसिंह दांगी, कैलाश जोशी, गोपाल सिंह राजपूत, ब्रजकिशोर सांघी, अरूण गुप्ता उपस्थित रहे। सोमवार को व्याख्यानमाला का समापन होगा। प्रात: 8.30 बजे से 9.30 बजे तथा सांध्य 7.00 बजे से 8.00 बजे तक पंडित रामकिंकर सभागृह में प्रवचन होंगे।

सूडोकु नवताल- 7948

कठिन

4							1	8
			6	7				2
			8					
	8	5						
	2			1			7	
						3	5	
					5			
1				4	7			
9	6							4


Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7947 का हल

1	9	7	4	8	6	2	3	5
4	5	3	9	1	2	7	6	8
2	6	8	7	3	5	9	1	4
5	3	1	2	7	9	4	8	6
9	2	4	8	6	1	5	7	3
7	8	6	5	4	3	1	9	2
3	4	9	6	2	7	8	5	1
6	7	2	1	5	8	3	4	9
8	1	5	3	9	4	6	2	7


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

काकुरो पहेली - 7621




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो -7620 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 9029



बाएँ से दाएँ

1. दांपत्य संबंध विच्छेद-3
3. रहस्य का ज्ञाता-4
6. खुशबू, सुगंध-3
7. सौ, सैकड़ा, शतक-2
8. दुलारा, लाड़ला-2
10. नाम रखना-5
12. दाम, मूल्य, दर-3
15. अग्नि, आग-3
17. सम्मान देना -2,3
20. जन्नत, अप्सरा-2
22. दाम, कीमत-2
23. स्थान-3
24. अचरज भरा कार्य-4
25. गागर, घड़ा-3

ऊपर से नीचे


2. न्यूनता, कमी-5
3. अटक-अटक कर बोलने वाला-3
4. आवश्यकता-4
5. राजी करना, मान मनुहार करना-3
7. वहम, संदेह-2
9. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
11. मैला, दागदार-3
13. धोखेबाज, कपटी-3
14. मन मोहने वाला-5
15. अशांति फैलाने वाला, उपद्रवी-4
16. रक्त, खून-2
18. आनेवाला दिन-2
19. नृत्य करना-3
21. चांदी-3

शब्द पहेली -9028 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7460



ऊपर से नीचेः-

१. अमिताभ, नाना पाटेकर, तब्बू की 'हम हैं बनारस के भैया' गीत वाली फिल्म-४
२. शाहरूख, विवेक, जूही की फिल्म-४
३. धर्मेन्द्र, माला सिन्हा की 'गैरों पे करम अपनों पे सितम' गीत वाली फिल्म-२
४. 'कभी तो मिलेगी कहीं' गीत वाली अशोक, प्रदीप, मीना की फिल्म-३
५. फिल्म 'परिवार' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
६. शाहबाद, किरण, तब्बू, रीता की फिल्म-५
७. सनी, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा छुप छुप के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'तेरे चेहरे में वो' गीत वाली फिरोज खान, हेमा मालिनी, रेखा की फिल्म-३
११. जॉय, सायरा की 'दिल की महफिल सजी है' गीत वाली फिल्म-२,२,३
१२. 'इक तुम पास ना आना' गीत वाली अमिताभ, लक्ष्मी छाया की फिल्म-२,१,३
१३. अक्षयकुमार, माधुरी दीक्षित की 'दुनिया से दूर जा रहा हूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. राजकुमार, शत्रुघ्नसिन्हा, हेमा मालिनी, मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म-३
१७. आमिर खान, फैजलखान, ट्विंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२२. 'आज सजन मोहे अंग लगालो' गीत वाली फिल्म-२
२३. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. 'राह बनी खुद मंजिल' गीत वाली विस्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
३. संजीवकुमार, सुचित्रासेन की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
४. 'मैं ने तेरे लिए ही' गीत वाली अमिताभ, राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
७. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
८. 'कितना मजा आ रहा है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२,२
९. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ना जइयो परदेस' गीत वाली दिलीपकुमार, अनिलकपूर, जैकी श्रॉफ, श्रीदेवी, पुनम ढिल्लों की फिल्म-२
११. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की 'हर तरफ हर जगह' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'ऐ मेरे मेहरबां ऐ मेरे हमनशीं' गीत वाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
१५. जीतेंद्र, रेखा की 'गोकुल की गलियों का' गीत वाली फिल्म-२,२,१
१७. 'जाओ जाओ हम से क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ, अमृता सिंह की फिल्म-२,३
१९. अरविंद, प्रभुदेवा, काजोल की 'चंदा रे चंदा रे कभी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'सिलसिला शुरू हुआ यहाँ से' गीत वाली फिल्म-३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली फिल्म-२
२३. शशि, संजीवकुमार, वहीदा, पूनम की फिल्म-३
२४. राहुलराय, शीबा की 'तेरी दोस्ती में मिला है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
२५. 'देखो मेरा दिल मचल' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 7459

वि	वा	ह		इ	श्क	वि	श्क		टा
द्या		मे		श्क		धा		फ	र्ज
बा	द	श	ह		शै	ता	न		न
ल			सी	मा			का	ल	
न	ज	र	ना		श	बा	ब		सं
	मी	ना		ना	रा	ज		दा	ता
आ	न		का		बी		ना	दा	न
शि		जो	शी	ले		फि	जा		
क	शि	श		कि	ला		य	हू	दी
	वा		डॉ	न		आ	ज		पा

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7554

7		2		4		6
3	32		33	5	33	
	4	1				3
2	26		35		39	7
		3		6	5	
1	27	5	35		27	4
		4	7	1		

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7553 का हल

1	5	2	3	7	4	6
6	29	7	40	6	38	1
3	1	4	6	5	2	7
2	24	5	34	1	32	4
5	1	3	6	4	7	2
4	31	6	30	3	32	5
7	4	1	5	2	6	3

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8574

बं	न	गा	र	न	ब	ज	क	ब	ल	न
ब	ज	य	लि	दा	व	का	मौ	स	ल	य
ई	रा	ब	न	ज	वा	ज्यो	दा	बं	य	ना
का	ना	बं	र	ता	वी	ब	ति	ल	न	भि
म	इ	दि	म	स	रा	द	श	न	ब	रा
न	म	स्का	र	र	र	क	व	ना	श	म
न	बं	दि	श	वा	क	जी	र	ग	प	ब
व	र	न	ग	मा	व	सी	ब	न	प	न
नी	ब	ल	ज	न	बा	री	न	ज	प	र
त	मी	ल	प	बू	या	स	वी	ब	प	जा
का	न	न	व	नि	र्मा	ण	न	ग	प	बं

शब्द जाल में 'न' से शुरु होनेवाले 10 शब्द ढूंढिए. दिए गए शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.

नगमा, नजराना, नयनतारा, नवीन,नमस्कार, नयनाभिराम, नवज्योति, नवजीवन, नवनीत, नवनिर्माण,

शब्दजाल - 8573 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore